# इंडिया कारपेट एक्सपो के लिए 103 आयातकों ने दी स्वीकृति

**जागरण, संवाददाता, भदोही :** कारपेट एक्सपो मार्ट में 11 अक्टूबर से होने वाले चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला इंडिया कारपेट एक्सपो-2025 में चार सौ आयातकों की भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) ने 72 देशों के 2500 आयातकों को आमंत्रण पत्र भेजा है। 103 आयातकों ने भागीदारी के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मेला आयोजक सीईपीसी की जल्द ही होने वाली बैठक में स्टाल का किराया भी तय कर दिया जाएगा।

**25 शहरों के निर्यातकों की होगी भागीदारी:** मेले में भदोही, मीरजापुर, वाराणसी, आगरा, दिल्ली, जयपुर, जम्मू कश्मीर, पानीपत, मुंबई सहित देश के 25 शहरों के निर्यातकों की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी। उत्पादों का प्रदर्शन करने के लिए निर्यातकों को आनलाइन आमंत्रण भेजा जा चुका है।परिषद के चेयरमैन का दावा है कि इस बार का आयोजन पिछले कालीन मेलों से बेहतर होगा।




कारपेट सिटी स्थित मेगा एक्सपो मार्ट

- 11 अक्टूबर से भदोही में आयोजित होगा चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला
- अगले सप्ताह तय होगा स्टाल रेट, आनलाइन शुरू हो जाएगी बुकिंग

**72** देशों के 2500 आयातकों को पहले ही भेजा जा चुका है निमंत्रण

**400** आयातकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का हो रहा प्रयास



पिछले मेलों से मिले अनुभव के आधार पर इस बार तैयारियां की जा रही हैं। मार्ट की कमियों को दुरुस्त कराया जा रहा है। आयातकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। 72 देशों के 2500 से आयातकों को आनलाइन आमंत्रण भेजा गया है। इसमें 103 आयातकों ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस बार चार सौ आयातकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

-कुलदीप राजवाटल, चेयरमैन सीईपीसी